# बी.ए. (ऑनर्स ) हिंदी पाठ्यक्रम के लिए सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न

## (FREQUENTLY ASKED QUESTION)

प्रश्न-1 हिंदी भाषा का क्या महत्व है ?

उत्तर- हिंदी विश्व में तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। इस भाषा का व्यवहार करने वालों की संख्या लगभग 70 करोड़ है। यह भारत के अतिरिक्त फ़िजी, मॉरिशस, गयाना, सूरीनाम, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका, मॉरीशस, दक्षिण अफ्रीका, यमन, युगांडा, सिंगापुर, नेपाल, जर्मनी और न्यूजीलैंड जैसे प्रमुख देशों में बोली जाती है।

प्रश्न-2 हमें इस पाठ्यक्रम का अध्ययन क्यों करना चाहिए ?

उत्तर- यह पाठ्यक्रम केवल हिंदी भाषा से ही परिचित नहीं करता बल्कि हिंदी भाषा के लगभग एक हजार वर्ष के साहित्य और संस्कृति से भी अवगत करता है। वर्तमान में यदि आप भारत को जानना चाहते हैं बिना हिंदी के नहीं जान सकते क्योंकि हिंदी राजभाषा और राष्ट्रभाषा होने के साथ साथ संपर्क भाषा भी है। इसके अतिरिक्त इस पाठ्यक्रम को करने के बाद आप हिंदी भाषा में दक्षता भी हासिल कर सकते हैं।

प्रश्न-3 इस पाठ्यक्रम को करने के पश्चात रोजगार के क्या अवसर है ?

प्रश्न-वैश्वीकरण के इस दौर में हिंदी आज केवल बोलचाल की भाषा नहीं रह गई है बल्कि वह बाज़ार की भाषा के रूप में भी विकसित हुई है। विश्व आर्थिक मंच की गणना के अनुसार यह विश्व की दस शक्तिशाली भाषाओं में से एक है। आज हिंदी भाषा जानने वालों के लिए अनेक रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। जैसे- IAS, PCS, शिक्षक, अनुवादक, वकील, बैंकिंग, हिंदी अधिकारी, पत्रकारिता, पटकथा लेखक, विज्ञापन लेखक आदि के रूप में कार्य कर सकते हैं।

प्रश्न-4 इस पाठ्यक्रम को करने के पश्चात आगे उच्च शिक्षा में क्या संभावनाएँ हैं ?

उत्तर-इस पाठ्यक्रम को करने के पश्चात आप हिंदी में बी.एड, एम.एड., एम. फिल., पी-एच.डी. भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त कई अन्य प्रकार के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के सर्टिफिकट, डिप्लोमा और डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।